तापमान
31.7° अधिकतम | 24.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, सोमवार 08 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 90 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# पूर्व पार्षद वेदप्रकाश सिंह को अपराधियों ने गोली मारी, हालत गंभीर

**वारदात**

**सौरभ सिंह। रांची**

धुर्वा बस स्टैंड पर राजू होटल में बैठे पूर्व पार्षद वेदप्रकाश सिंह को अपराधियों ने रविवार देर शाम गोली मार दी. वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके ही हथियार छोड़ कर भाग गये. उधर बस स्टैंड पर मौजूद लोगों ने घायल वेद को तत्काल एचईसी पारस अस्पताल में भर्ती कराया. सूचना पाकर एसएसपी, सिटी एसपी, डीएसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटे रहे. बताया जा रहा है कि आपसी रंजिश को लेकर वेद प्रकाश को गोली मारी गयी है.

पूर्व पार्षद को गोली मारे जाने की सूचना आग की तरह धुर्वा सहित पूरी एचईसी कॉलोनी में फैल गई. देखते ही देखते अस्पताल में वेदप्रकाश को जाननेवालों की भीड़ उमड़ पड़ी. सूचना पाकर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित कई भाजपा नेता व विधायक अस्पताल पहुंचे. मंत्री संजय सेठ ने चिकित्सकों से वेद के संबंध में जानकारी ली. डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर इलाज करने को कहा. डॉक्टरों से कहा कि यदि बाहर ले जाने की जरूरत हो तो, बताया जाए. सेठ ने बताया चिकित्सकों ने जानकारी दी कि सीटी स्कैन से इंज्युरी की पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है. रात लगभग 11.30 बजे डॉक्टरों ने वेदप्रकाश का ऑपरेशन शुरू किया. डॉक्टरों के अनुसार, ऑपरेशन कर गोली निकालने के बाद एमआरआई कराया जाएगा, ताकि इंज्युरी का पता लग सके.

**बस स्टैंड पर होटल में बैठे थे वेद, तभी हुआ हमला :** वेदप्रकाश सिंह अपराधियों ने उस वक्त हमला किया, जब वे रविवार की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल (चाय दुकान) में बैठे हुए थे, तभी तीन अपराधी बाइक से वहां पहुंचे. बाइक सवार दो अपराधी होटल से थोड़ी दूरी पर बाइक स्टार्ट कर खड़े थे, जबकि एक अपराधी हाथ में कट्टा लिए पैदल ही वेद सिंह के पास पीछे से पहुंचा और गर्दन में गोली मार दी. गोली मारने के बाद उसने कट्टा पास में ही फेंक दिया और आगे खड़ी बाइक पर सवार होकर भाग निकला. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भागने के क्रम में अपराधियों ने पवनरथ बस के टिंकट बुकिंग काउंटर के पास भी हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी और आराम से वहां से भाग निकले.

## होटल में बैठे थे वेद, पीछे से गर्दन में गोली मारी, स्थानीय लोगों ने किया हंगामा, अस्पताल में उमड़ी भीड़

**धुर्वा बस स्टैंड पर भगदड़ गुस्साये लोगों ने किया हंगामा**
भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड पर गोलीबारी की घटना से वहां भगदड़ मच गयी. स्टैंड के पास की दुकानों मे खरीदारी के लिए पहुंचे लोग इधर-उधर भागने लगे. जब लोगों तको पता चला कि पूर्व पार्षद वेदप्रकाश सिंह को अपराधियों ने गोली मार दी है, तो गुस्साये लोगों ने जम कर हंगामा और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की.

**एचईसी कॉलोनी के जानेमाने व्यक्ति हैं वेद प्रकाश सिंह :** वेद प्रकाश सिंह धुर्वा के जानेमाने व्यक्ति हैं. पार्षद भी रह चुके हैं और भाजपा की राजनीति में सक्रिय हैं. रोज शाम में समय मे बस स्टैंड स्थित राजू होटल (चाय दुकान) पर आकर बैठा करते थे. वेद पर हमला करने के लिए अपराधियो ने रेकी की थी. अपराधी जानते थे रि वेद सिंह हर दिन चाय दुकान पर आते हैं. इसीलिए वहीं पर उनपर हमला किया गया.





वेदप्रकाश सिंह (फाइल फोटो)व अपराधियों द्वारा छोड़ा गया कट्टा.




पारस अस्पताल में जमा वेद प्रकाश सिंह के शुभचिंतकों की भीड़.

### भाजपा विधायक व नेता अस्पताल में देर रात तक जमे रहे

**रांची।** पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह को गाली मारे जाने की सूचना पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक अनंत ओझा, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, भानु प्रताप शाही, नारायण दास, विरंची नारायण, नवीन जयसवाल, नीरा यादव, अपर्णा सेनगुप्ता, केदार हाजरा भी पहुंचे.

**राज्य की विधि व्यवस्था चौपट : संजय सेठ :** सांसद संजय सेठ ने कहा पिछले एक साल से कह रहा हूं कि झारखंड की विधि-व्यवस्था चरमरा गयी है. हर रोज आपराधिक वारदातें हो रही हैं. राजधानी में मुख्यमंत्री से लेकर पूरा सरकारी अमला है. डीजीपी से लेकर सारे आला पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी राजधानी रांची में मौजूद हैं, इसके बावजूद यहां हर दिन आपराधिक वारदाते हों रही हैं और पुलिस प्रशासन अपराधियों के सामने बौना बना हुआ है. थानों में पुलिस का नंगा नाच हो रहा है. पूरा सिस्टम लॉक हो गया है. आम आदमी सुरक्षित नहीं है. आखिर रांची में हमलोगों के संयम की परीक्षा कब तक ली जाएगी.



अस्पताल में संजय सेठ, बाबूलाल मरांडी व अन्य.

### पुलिस कर रही जांच, आपसी रंजीश में मारी गयी गोली

धुर्वा के लोगों का कहना है कि वेद प्रकाश सिंह ने समाजसेवी के रूप में भी पहचान बनायी है. पार्षद रहते हुए वे लगातार लोगों की सेवा में लगे रहते रहे. इसके बाद भी वे समाजसेवा करते रहे. भाजपा से भी जुड़े हुए हैं. पुलिस का मानना आपसी रंजीश में वेद प्रकाश को गोली मारी गयी है. गोली मारने से पहले अपराधियों ने वेदप्रकाश की रेकी भी की है. इसके बाद ही शाम के वक्त होटल में उन पर हमला किया गया.

**ब्रीफ खबरें**

### चीफ जस्टिस ने की बासुकीनाथ में पूजा



**दुमका।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बिद्युत रंजन सारंगी ने रविवार को बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे. पूजा-अर्चना करने के बाद चीफ जस्टिस वन विभाग के रेस्ट हाउस भी गए. इसके बाद वे रांची के लिए रवाना हो गए. मौके पर दुमका डीसी अंज्यूल डोड्डे, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार सहित कई प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे.

### 10 दारोगा का विशेष शाखा में तबादला

**रांची।** विभिन्न जिलों में तैनात 10 दारोगा का विशेष शाखा में तबादला किया गया है. डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने आदेश जारी कर दिया है. इसमें बोकारो जिला बल में तैनात दारोगा अशोक कुमार सिंह व प्रदुम्न सिन्हा, रांची जिला बल में तैनात दारोगा अभय कुमार ओझा, बंधन तिर्की व सुनील कुमार, जमशेदपुर जिला बल में तैनात दारोगा जीतवाहन महतो व विराज हेंब्रम, धनबाद जिला बल में तैनात दारोगा रणवीर कुमार सिंह व सुक्का उरांव और साहेबगंज जिला बल में तैनात अनिल उरांव का तबादला विशेष शाखा रांची किया गया है. संबंधित एसएसपी ओर एसपी को इन दारोगा को अविलंब विरमित करने को कहा गया है.

### मनरेगा आयुक्त की समीक्षा बैठक आज

**रांची।** राज्यभर के मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर सोमवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी समीक्षा बैठक करेंगी. बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारी के अलावा झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया है. संघ के उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने बताया कि सेवा नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर अपनी बातें रखेंगे. मनरेगा आयुक्त की बैठक से पहले रविवार को कर्मचारी संघ ने सभी संविदा कर्मी संगठनों के साथ बैठक की. उन्होंने बताया कि अगर लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी.

**राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें**

# मौसी घर आए भगवान जगन्नाथ

**राजन बॉबी। रांची**

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया रविवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग रथारूढ़ हो भक्तों पर जमकर आशीष बरसाया. मौसी घर आए. साथ ही ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला प्रारंभ हो गया. पहले दिन सुबह से ही भक्ति और उत्साह की सतरंग छटा देर शाम तक छायी रही. भक्त थे, भक्ति थी और आराध्य के दर्शन. इसके अलावा कुछ नहीं था. हर कार्य जय जगन्नाथ के आसरे हो रहा था. खरीदारी करते, खाते-पीते और मेले का आनंद लेते श्रद्धालु जब जोश में आते, तो जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो जाता. कहीं चकरी काटता झूला, तो कहीं खेल-तमाशे वालों के भोपू की गूंज बरबस ही आकर्षित करती रही. जगह-जगह मांदर और ढोल-नगाड़े की थाप पर थिरकते लोग छोटानागपुर की माटी की खुशबू बिखेर रहे थे. मंदिर परिसर से लेकर शालीमार बाजार तक उमड़ा जनसैलाब आस्था के मेले को चार-चांद लगाता प्रतीत हो रहा था.

**अहले सुबह से दर्शन को जुटे थे श्रद्धालु :** जगन्नाथपुर मुख्य मंदिर में अहले सुबह से दर्शन-पूजन को दर्शनार्थियों की कतार लगी थी. सुबह पांच बजे दर्शन-पूजन के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया. दिन चढ़ते भक्तों की लंबी कतार लग गयी. दर्शन-पूजन का सिलसिला दिन के दो बजे तक चला. इसके बाद एक-एक कर सभी विग्रहों को रथारूढ़ कर श्रृंगार-पूजन किया गया.

**टाना भगतों ने भी की विशेष पूजा :** भगवान जगन्नाथ के रथारूढ़ होने से पहले टाना भगतों ने पारंपरिक मिलन पूजा की. मंदिर में देवी-देवताओं की पूजा के बाद सभी सिंह द्वार के पास एकत्रित हए. नेम-निष्ठा से पूजा कर श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया. टाना भगत रथ यात्रा मेला के दौरान वर्षो से इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं.

## बरसा आशीष, छायी रही भक्ति और उल्लास की सतरंगी छटा



### रथ खींचने उमड़ा भक्तों का सैलाब

रथ का रस्सी बंधन होने के साथ शाम पांच बजे जैसे ही हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के संचालन में भगवान का रथ बढ़ा तो भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. किसी ने रस्सा खींच कर स्वयं को धन्य किया तो किसी ने रथ को घकेल कर प्रभु से स्वयं के जीवन रूपी रथ को सुख-समृद्धि और शांति के साथ गंतव्य तक पहुंचाने कि कामना की. मौसी बाड़ी तक यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने और रथ की रस्सी को स्पर्श मात्र करने के लिए श्रद्धालुओं के बीच होड़ सी मची रही.



मनोकामना मांगतीं कल्पना सोरेन.

### रथयात्रा की झलकियां

- एचइसी सेक्टर दो से मुख्य मंदिर तक लगी थी भक्तों की कतार
- मेला परिसर से बिरसा चौक तक रुक-रुक कर लगा रहा जाम
- पुलिस और प्रशासन के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे
- चप्पे-चप्पे पर लगा था कड़ा पहरा, पीटे गये मनचले
- रथ मेला सुरक्षा समिति ने भी संभाली विधि व्यवस्था
- बिछड़ों को मिलाने में जुटे रहे स्वयंसेवक और कार्यकर्ता
- सेवा शिविर लगा दी दर्शनार्थियों को हरसंभव सहयोग
- मांदर की थाप पर जगह-जगह थिरक रहे थे लोग
- शाम ढलते ही रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाया मेला स्थल
- रोक के बाद भी प्रतिबंधित पक्षियों कि जमकर बिक्री हुई
- कई तरह के झूले और खेल-तमाशे वालों का रहा आकर्षण
- शराब और नशापान पर रोक के बावजूद बिक रही थी हड़िया



भक्ति में खोये सीएम हेमंत सोरेन.



रथयात्रा के दौरान भगवान की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े भक्त.

### श्रीविष्णु लक्षर्चना कर भक्तों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

मारवाड़ी सहायक समिति की ओर से इस बार भी दिन के तीन बजे श्रीविष्णु लक्षर्चना किया गया. रथ पर विराजमान जगन्नाथ स्वामी के समक्ष भक्तों ने लक्षर्चना कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. साड़ी में लिपटी महिलाएं और पीतांबर धोती-गमछी में पुरुष अलग-अलग कतार में बैठ कर पूजा-अर्चना करते रहे. बाद में अर्चित पुष्प को भगवान के श्रीचरणों में चढ़ाया गया. फिर श्रद्धालुओं ने मंदिर के पुजारी रामेश्वर पाढ़ी, कौस्तुभधर मिश्र, श्रीराम महंती आदि संग जगन्नाथाष्टकम का पाठ और स्तुति गान किया. विग्रहों की आरती उतारी गयी.

### एक बूंद भी नहीं बरसी बरखा रानी

रथ मेले के दौरान बारिश की संभावना बनी रहती है. लेकिन इस बार एक बूंद भी बरखा रानी नहीं बरसी. संभावना जताई जाती है कि रथ मेला में वर्षा थोड़ा-ज्यादा जरूर होती है. एकदम अकाल पड़ने पर भी बूंदा-बांदी होती है, पर इस बार ऐसा नहीं हुआ.

### आज से भक्तों के कदम मौसी बाड़ी की ओर बढ़ेंगे

ऐतिहासिक रथ यात्रा के दूसरे दिन सोमवार से 17 जुलाई तक भक्तों के कदम मौसी बाड़ी की ओर ही बढ़ेंगे. क्योंकि, साल में एक बार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से देवशयनी एकादशी तक जगन्नाथ स्वामी भाई और बहन संग मौसी बाड़ी में ही विराजते हैं. यहां दर्शन-पूजन को भक्तों का सुबह से देर शाम तक तांता सा लगा रहता है. इस दौरान भगवान को नित्य तरह-तरह के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है. घुरती रथ मेला के साथ भगवान वापस अपने घर लौट आते हैं.

# रथयात्रा मेले के रंग हजार, बोलो क्या-क्या खरीदोगे !



**बसंत मुंडा। रांची**


रांची के जगन्नाथपुर में जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना के बाद रथ मेला भी ताम झाम के साथ शुरू हो गया. यह मेला अपने आप में हजारों रंगों को समेटे हुए रहा. दुकानों पर हैं हर तरह के उपयोगी सामान. बोलो जी, क्या-क्या खरीदोगे? इसमें झूला-सर्कस के करतब तो हैं ही, झारखंडी संस्कृति की झलक भी है. झारखंड के पारंपरिक से लेकर आधुनिक युग के लक्जरी आइटम तक भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे. गुमला के मांदर की थाप लोगों के कानों तक गूंज रही हैं. वहीं खूटी की कुमनी (मछली पड़ने का जाल) भी अपना अलग जलवा बिखेर रहा है. मेला में दूर दराज से आए लोग इन्हें तो खरीद ही रहे हैं, मोल-मोलाई कर कई घरेलू सामानों की भी खरीदारी शुरू हो गई है.

### बड़ा झूला का अलग ही आकर्षण

रथयात्रा महोत्सव में छोटे बड़ों के लिए मनोरंजन की भरमार भी मौजूद है. इसमें कई प्रकार के झूले लगाये गये हैं, लेकिन बड़े झूले का आकर्षण अलग ही है.

**शहरा की परंपरा को जीवित रखने की कवायद :** साल भर के बाद आनेवाला रथ यात्रा मेला यहां महत्वपूर्ण माना जाता है. रथ मेला नव वर-वधुओं के लिए विशेष माना गया है. इस महोत्सव में पति-पत्नी अपने मंगलमय भविष्य की कामना करते हैं. टाटीसिल्वे के चंदन महतो की रेणु से हाल ही में शादी हुई है. यह नवदंपती 70 किलोमीटर दूर से रथ यात्रा महोत्सव देखने और शादी में उपयोग हो चुके सेहरा को लेकर मेला पहुचे थे. इस जोड़ी का कहना था कि पूर्वजों के बताये नियम का पालन कर रहे हैं. बांस की डाली लगाने वाले उदय माली ने कहा कि धुर्वा रोड में 20 सालों से बांस की डाली गाड़ते आ रहे हैं. यहां पर प्रत्येक साल सैकड़ों वर-वधु मन्नत मांगते हैं. ऐसा करने से परिवार में वंश चलता है.

**पारंपरिक हथियार भी लुभा रहे :** मेला में पारंपरिक हथियार भी लोगों को लुभा रहे हैं. लोग इसकी ओर खींचे चले आ रहे हैं. तीर-धनुष, तलवार, बलुआ, चाकू, पइला की भी बिक्री शुरू हो गई है. वहीं सात हाथ की लंबाई वाला जाल भी लोगों को खूब भा रहा है. ग्रामीणों के बीच यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.





## शहर में आज

1. लहू बोलेगा का रक्तदान शिविर, रतन टाकिज चौक के समक्ष दिन के 10 बजे
2. आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, कई प्रखंडों में दिन के 10 बजे से
3. विधानसभा सत्र, विधानसभा में दिन के 10 बजे
4. मंत्रियों का शपथग्रहण राजभवन में दोपहर 3.30 बजे
5. रांची महिला फुटबाल लीग, खेलगांव में दोपहर 2.30 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

# रक्षा राज्य मंत्री ने रातू रोड के नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का किया निरीक्षण

प्रमुख संवाददाता। रांची

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह ने रविवार को रातू रोड के नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया. इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने अफसरों से कहा कि लोगों की सुविधाओं को देखते हुए इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का काम करें. वहीं रक्षा राज्य मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार के पदाधिकारियों से कहा कि इस प्रोजेक्ट का काम 15 नवंबर तक पूरा करें. ताकि इस दिन राजधानीवासियों को राज्य का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर समर्पित किया जा सके.

### खास बातें

- अफसरों से कहा, 15 नवंबर तक पूरा करें काम
- काम की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता

**कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का है स्पेस :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का स्पेस है. इसमें बच्चों के खेलने के लिए व्यवस्था हो सके. क्योंकि बच्चों के खेलने के लिए कहीं मैदान बचा नहीं है.



रातू रोड के नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व विधायक सीपी सिंह.

### मंत्री ने एनएचएआई के अफसरों को ये दिए निर्देश

- फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे सोहराय पेंटिंग एवं ट्राईबल पेंटिंग की जाए.
- पिलर पर हैंगिंग गार्डन का निर्माण करें
- फ्लाई ओवर के ऊपर लाइट की व्यवस्था और नीचे कलरफुल लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें
- जहां-जहां आबादी अधिक है, वहां कट की व्यवस्था सुनिश्चित करें
- जहां मार्केट है और पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, वहां पर पार्किंग के लिए जगह छोड़ें
- नाली का निर्माण वाटर लेवल लेकर करें.
- कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर खाली जगह का उपयोग बच्चों के खेलने के लिए हो
- रविवार को पूरे दिन यह सुविधा उपलब्ध हो ताकि इस जगह का उपयोग बच्चे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, इंडोर गेम खेलने में कर सकें.

## ब्रीफ खबरें

### खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 को

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव ने सभी जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को बुलाई है. इसमें खेल निदेशक, पर्यटन निदेशक और सांस्कृतिक निदेशक भी शामिल रहेंगे. 12 बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी. इनमें स्वीकृत, निर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम की डिटेल रिपोर्ट, जहां रिपेयरिंग, रेनोवेशन की जरूरत हो उससे जुड़ा प्रस्ताव, सिदो कान्हू युवा क्लब निबंधन की अद्यतन स्थिति, जहां जहां प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है, उसके प्रस्ताव की समीक्षा की जाएगी. इस संबंध में जारी पत्र में विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा एवं योजनाओं के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को सुबह 11:30 बजे बैठक करने को कहा गया है.

### कार्यशाला में शामिल होंगे रविंद्रनाथ सिंह

**पिपरवार ।** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह नागपुर के महाराष्ट्र में होने वाले एक दिवसीय कार्यशाला में पिपरवार क्षेत्र से आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल होंगे. डीजीएमएस भारत सरकार के द्वारा 8 जुलाई को महाराष्ट्र नागपूर मे कोयला खनन उधोग मे व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व वर्तमान चुनौतियों और उपाय विषय पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें आमंत्रित सदस्य के रूप में पिपरवार से जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह शामिल होगे. रविवार की शाम रविन्द्रनाथ सिंह पिपरवार से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए. सिंह ने कहा कि कार्यशाला में असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर विचार होगा.

### रोजगार भी उपलब्ध कराता है जिम : सुदेश

**नामकुम।** आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने रविवार को सदाबहार चौक पर मैक्स फिटनेस जिम का उद्घाटन किया. उन्होंने ने कहा कि जिम आज युवाओं को फिट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और रोजगार भी उपलब्ध कराता है. उन्होंने ने युवाओं से सेहत पर ध्यान देने और फिट रहने की अपील की. मैक्स जिम के संचालक लाल हिमांशुनाथ शाहदेव ने कहा कि यहां सभी प्रकार की उच्च तकनीक वाली मशीनें उपलब्ध हैं. मौके पर प्रखंड उपप्रमुख वीणा कुमारी, लाल निरंजन नाथ शाहदेव,जीतेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य राम अवतार केरकेट्टा, मुन्ना बड़ाइक, प्रकाश लकड़ा, संजीव सिंह, शैलेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, लालप्रताप शाहदेव आदि मौजूद थे.

सरकार ने दो लाख आवास देने का रखा था लक्ष्य, 1,86,169 लाभुकों को ही मिली पहली किस्त

# अबुआ आवास... कैसे हो लक्ष्य पूरा, अफसरों के छूट रहे पसीने

प्रवीण कुमार ।रांची

विधानसभा चुनाव सिर पर हैं. लेकिन सरकार की महात्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना लक्ष्य से पीछे चल रही है. सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2023 को की थी. लेकिन लक्ष्य पूरा करने में अफसरों के पसीने छूट रहे हैं. सरकार ने 2023-24 में दो लाख परिवारों को आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा था. गरीबों को तीन कमरों का पक्का मकान देने की योजना तैयार की गई थी. लेकिन अफसरों को योजना के अनुरूप काम कराने में परेशानी हो रही है.


राज्य के अलग-अलग जिलों में 1,99,715 परिवारों के लिए अबुआ आवास स्वीकृत किए गए. इनमें से पश्चिम सिंहभूम में 208 और सिमडेगा जिला में 77 आवास कार्य स्वीकृत किये गये. वहीं, 12, 608 लाभुकों को आवास स्वीकृत हेने के बाद भी पहली किस्त की राशि नहीं मिल सकी है. 1,86,169 लाभुकों को पहली किस्त के रूप में 30 हजार रुपये बैंक खाते में सरकार ने भेजे. वहीं दूसरी किस्त की राशि 66.1 प्रतिशत लाभुकों को ही भेजी जा सकी है. लाभुकों से मिली जानकारी के अनुसार, बालू नहीं मिल पाने के कारण आवास निर्माण कार्य कई लाभुक शुरू भी नहीं कर पाये हैं.

**आवास निर्माण में रांची व पलामू जिला फिसड्डी :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना का काम तेजी से हो, इसके लिए सरकार ने योजना स्वीकृत होने के साथ ही लाभुकों को पहली किस्त के रूप में 30 हजार रुपये लाभुकों के बैंक खाते में भेज दिए थे. वहीं आवास निर्माण कार्य प्लिंथ लेवल तक होने और इसकी जियो टैगिंग करने के बाद दूसरी किस्त की 50 हजार रुपये की राशि लाभुकों को मिलनी है. लेकिन अब तक मात्र 1,9,144 आवासों की ही जियो टैगिंग प्लिंथ लेवल तक की जा सकी है. आवास निर्माण में सबसे फिसड्डी रांची और पलामू जिला है, जो क्रमशः 23वें और 24वें नंबर पर है.

- प्लिंथ स्तर तक 1,17,592 आवास ही तैयार हो सके
- गिरिडीह जिले में 17,860 आवास स्वीकृत किए गए
- रांची और पलामू जिला आवास निर्माण में सबसे पीछे

**1,09,144 आवासों की ही जियो टैगिंग**

**1,08,643 लाभुकों को मिली दूसरी किस्त**




### राज्य योजना मद से शुरू की गयी है आवास योजना

हेमंत सोरेन -02 सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना की शुरुआत राज्य योजना मद से की गई है. योजना का मकसद गरीब और निम्न वर्ग के वैसे लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, जो वर्षों से कच्चे मकान में रह रहे हैं. अबुआ आवास योजना के अंतर्गत, तीन कमरों वाले मकानों का निर्माण किया जाना है.

| जिला | स्वीकृत आवास | भेजी गई पहली किस्त | नहीं मिली पहली किस्त |
|---|---|---|---|
| खूंटी | 3887 | 3801 | 86 |
| कोडरमा | 4591 | 4451 | 140 |
| सिमडेगा | 4366 | 4174 | 192 |
| पूर्वी सिंहभूम | 8138 | 7822 | 316 |
| गढ़वा | 10003 | 9790 | 213 |
| देवघर | 9847 | 9294 | 553 |
| लातेहार | 5389 | 5304 | 085 |
| चतरा | 7820 | 7577 | 243 |
| गुमला | 7663 | 6990 | 673 |
| लोहरदगा | 3228 | 3080 | 148 |
| पलामू | 13681 | 12838 | 843 |
| जामताड़ा | 5711 | 5252 | 459 |
| पाकुड़ | 6649 | 6630 | 319 |
| हजारीबाग | 11648 | 11067 | 862 |
| दुमका | 9827 | 8965 | 862 |
| गिरिडीह | 17860 | 16149 | 1711 |
| सरायकेला | 6437 | 5917 | 520 |
| बोकारो | 8608 | 7992 | 616 |
| गोड्डा | 9972 | 8815 | 1157 |
| प. सिंहभूम | 10044 | 9370 | 674 |
| साहिबगंज | 7911 | 7493 | 418 |
| रांची | 13226 | 1255 | 671 |
| रामगढ़ | 4236 | 4037 | 199 |
| धनबाद | 8973 | 8044 | 929 |
| कुल | 199715 | 187107 | 12608 |

# रांची पुलिस की जीप दीवार से टकराई, तीन जवान घायल

संवाददाता। रांची



रांची पुलिस की जीप दीवार से टकरा गयी. इस हादसे में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये. यह हादसा शनिवार की देर रात करीब दो बजे बरियातू थाना क्षेत्र के चाचा पराठा के पास हुई है. जहां बरियातू थाना की पुलिस जीप अनियंत्रित होकर एक दीवार से जा टकरायी. इस हादसे में ड्राइवर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. घायलों में ड्राइवर अशोक उरांव, जमादार उदयकांत और एक अन्य जवान शामिल हैं. सभी को इलाज के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

**ड्राइवर को आ गयी थी झपकी :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमादार उदयकांत शनिवार की रात एक जवान और ड्राइवर को लेकर रात्रि पेट्रोलिंग के लिए निकले थे. करीब दो बजे सभी पेट्रोलिंग कर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गयी और जीप अनियंत्रित होकर सीधे सामने की दीवार से जा टकरायी. हादसे में पुलिस की जीप भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी. जानकारी मिलने पर बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल और दूसरे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया. घायल पुलिस वालों को गंभीर चोट आयी हैं.

# रथ मेले में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने लगाया सेवा शिविर



संवाददाता। रांची

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची (औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम) के बैनर तले रविवार को जगन्नाथपुर में रथ यात्रा के अवसर पर सेवा शिविर लगाया गया. इसमें निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गयी थी. होमियोपैथ चिकित्सक डॉ उत्पल एवं पवन कुमार ने चिकित्सा सेवा प्रदान की. बता दें कि पिछले 40 वर्षों से श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा के दिन सेवा शिविर लगाया जा रहा है. शिविर में हेमंत नाथ शाहदेव, नवल किशोर सिंह, डॉ उत्पल, पवन कुमार, संजीव कुमार सिंह, उमानाथ शाहदेव, राजेन्द्र कुमार, गुरुचरण नाथ शाहदेव, सुनील कुमार, बाबागुरु नाथ शाहदेव, सोमेश्वर नाथ शाहदेव, मानवेन्द्र नाथ शाहदेव, गंगाधर नाथ शाहदेव, गिरेन्द्र नाथ शाहदेव, प्रताप आदित्य नाथ शाहदेव, सुनील साहू, आलोक नाथ शाहदेव, नागदमनी नाथ शाहदेव आदि शामिल रहे.

मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में पहुंचे सभी विधायक, पार्टी व्हिप जारी

# सत्ता पक्ष ने फ्लोर टेस्ट की बनाई रणनीति



मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन.

विशेष संवाददाता। रांची

हेमंत सरकार के फ्लोर टेस्ट से पूर्व रविवार देर शाम सीएम आवास में सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की बैठक हुई. इस बैठक में सोमवार को होनेवाले फ्लोर टेस्ट को लेकर रणनीति बनाई गई. सूत्रों के मुताबिक सभी विधायकों से एकजुटता के साथ सरकार के पक्ष में खड़े होने को कहा गया. सीएम हेमंत सोरेन ने इस मौके पर संक्षिप्त संवाद भी किया. बैठक में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुटता का परिचय दिया और सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष को करारा जवाब देने की रणनीति बनाई.

बैठक के बाद कांग्रेस और झामुमो ने अपने-अपने विधायकों के लिए पार्टी व्हिप भी जारी कर दिया है. इस बैठक के दौरान कांग्रेस के झारखंड प्रभारी मीर अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे. पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी बैठक में आए थे. बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की. बैठक में झामुमो, कांग्रेस विधायकों के अलावे माले विधायक विनोद सिंह भी उपस्थित थे.

भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष बोले- सदन में वाद विवाद का मौका दें, तब बताएंगे

# विशेष सत्र में सरकार को घेरने की बनी रणनीति

संवाददाता। रांची

बीजेपी विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई. इसमें आठ जुलाई को होने वाले विशेष सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई. बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन डरे हुए हैं. हेमंत सोरेन से फ्लोर टेस्ट से पहले कैबिनेट का विस्तार नहीं किया. ऐसा उन्होंने इसलिए नहीं किया, क्योंकि फ्लोर टेस्ट से पहले अगर कैबिनेट का विस्तार करते तो विश्वासमत हासिल नहीं कर पाते.



भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल पार्टी पदाधिकारी.

हेमंत सरकार की वापसी ठगबंधन सरकार रिटर्न्स है. यह सरकार अंतर्कलह और विवाद से घिरी है और डरी हुई है. ठगबंधन सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से जैसी लूट मचाई है उससे कोई वर्ग अछूता नहीं है. कोई वर्ग खुश नहीं है.

**भ्रष्ट निकम्मी सरकार से जल्द चाहते हैं निजात :** बाउरी ने कहा कि सभी इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार से जल्द निजात चाहते हैं. भाजपा सदन में वाद विवाद में भाग लेना चाहती है. चंपाई सरकार के फ्लोर टेस्ट के समय भी बोलने का मौका नहीं दिया गया. भाजपा चाहती है कि मुख्यमंत्री सदन में बताएं कि आखिर फिर सरकार बनाने की जरूरत क्यों पड़ी, जब मुख्यमंत्री काम कर ही रहे थे.

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, रणधीर सिंह, नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा, अपर्णा सेन गुप्ता, आलोक चौरसिया, नारायण दास आदि मौजूद रहे.

## हेमंत कार्रवाई करें, सरकार को दूंगा समर्थनः सरयू राय

**रांची।** सोमवार को राज्य विधानसभा में बहुमत परीक्षण के दौरान जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय निरपेक्ष रहेंगे. उनके मुताबिक पक्ष और विपक्ष में कोई अंतर नहीं है. एक नागनाथ है तो दूसरा सांपनाथ. पक्ष-विपक्ष को भ्रष्टाचार के विरुद्ध बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन अगर भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई करें तो उनकी सरकार को वे समर्थन देने के लिए तैयार हैं. सरयू राय ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार के कारनामे की पूरी जानकारी तथ्यों के साथ उन्होंने दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. यही हाल पूर्व में की गई शिकायतों का भी है. उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में कई भ्रष्टाचार हुए. उसके खिलाफ भी उन्होंने और उनकी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं है. गलत के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करना, गलती करने से नहीं रोकना भी अपराध है. उन्होंने पक्ष-विपक्ष को समान बताते हुए कहा कि सदन में उनकी भूमिका निरपेक्ष रहेगी.

**विपक्ष की मांग** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने की सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात

# सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा स्थाई करे हेमंत सरकार

संवाददाता। रांची

भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सीपी सिंह, राजमहल विधायक अनंत ओझा, कांके विधायक समरी लाल एवं गोड्डा विधायक अमित मंडल ने रविवार को सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना. करीब आधे घंटे चले इस मुलाकात में भाजपा के विधायकों ने सभी सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वस्त किया कि यदि यह सरकार आप सभी को स्थायी नहीं करती है, तो आने वाले चुनाव के बाद यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इस मामले पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी.



सहायक पुलिस कर्मियों से मिलते नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी व अन्य.

मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया से कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों को सरकार ने ही नियोजित किया था और सरकार ही अब उन्हें स्थाई नहीं कर रही है. सहायक पुलिसकर्मियों के साथ वर्तमान सरकार की हुई वार्ता में यह स्पष्ट किया गया था कि उन्हें जल्द ही स्थाई कर दिया जाएगा, लेकिन झूठे वादे और सहायक पुलिसकर्मियों को ठग कर सत्ता में आई राज्य सरकार अब उनकी सुध तक नहीं ले रही है. सरकार सिर्फ सोशल मीडिया पर आश्वासन देकर और सहायक पुलिसकर्मियों को ठग कर सत्ता हासिल करने का काम किया. उन्होंने कहा कि आने वाले सत्र में इन सभी मुद्दों को सदन के भीतर प्रमुखता से रखा जाएगा.

### खास बातें

- कहा, भाजपा सरकार बनेगी तो मामले पर कार्रवाई होगी
- आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाया जाएगा

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 एवं 2021 में सहायक पुलिसकर्मियों के साथ राज्य सरकार हुई वार्ता में मौखिक एवं लिखित रूप से सरकार ने वादा किया था कि सभी सहायक पुलिसकर्मियों को स्थाई कर दिया जाएगा, लेकिन आज तक किसी की सहायक पुलिसकर्मियों को स्थाई नहीं किया गया. इसके खिलाफ सैकड़ों की संख्या में सहायक पुलिसकर्मियों ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय उपवास एवं धरना दिया. सहायक पुलिसकर्मी, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों ही शामिल हैं अपने छोटे बच्चों के साथ धरना दे रहे हैं.

# पासवा का पर्यावरण जागरूकता सप्ताह आज से

संवाददाता। रांची

पासवा सोमवार से पर्यावरण जागरूकता सप्ताह की शुरुआत करेगा. यह जागरूकता सप्ताह 13 जुलाई तक चलेगा. पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने बताया कि अभियान की शुरुआत झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पौधा लगाकर करेंगे. दुबे ने रविवार को कहा कि अगर ग्लोबल वार्मिंग की यही स्थिति रही, तो आने वाले दिनों में पारा 50 से 60 डिग्री तक पहुंच जाएगा. इसमें किसी भी व्यक्ति का जीवित रहना संभव नहीं हो पाएगा. पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा झारखंड के सभी निजी विद्यालय के बच्चे, शिक्षक और उनके अभिभावक अपने-अपने घरों एवं कॉलोनी में जहां कहीं भी खाली स्थान होंगे



पौधरोपण करेंगे और सेल्फी अपलोड कर पूरे राज्य के लोगों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देंगे. पासवा के नेतृत्व में निजी विद्यालय सोमवार से इसकी व्यापक शुभारंभ करेंगे.

पासवा प्रदेश महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा झारखंड के 47 हजार निजी विद्यालय पासवा के नेतृत्व में आठ जुलाई से पौधा लगा कर वृक्षारोपण तो करेंगे ही, वृक्ष के सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेंगे. पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत झारखंड के निजी विद्यालयों को अपने अपने विद्यालय परिसर में 08 जुलाई 2024 को अपने अपने विद्यालय में अपने बच्चों और शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण करेंगे और हैश टैग पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ के साथ इसकी सेल्फी अपलोड करेंगे और समाज को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देंगे.

### खास बातें

- यह जागरूकता सप्ताह 13 जुलाई तक चलेगा
- अभियान की शुरुआत सूबे के वित्त मंत्री डॉ. उरांव करेंगे

## कुल्हाड़ी शाह बाबा का 109वां सालाना उर्स

**रांची ।** मेन रोड स्थित कुल्हाड़ी शाह बाबा का 109वां सालाना उर्स रविवार को मनाया गया. कुल्हाड़ी शाह बाबा दरगाह/कर्बला कमेटी के महासिचव अकिलुर्रहमान ने बताया कि कुरानखानी कर गुस्ल संदल की रस्म अदा की गई. सलातो सलाम सामूहिक रूप से पढ़ा गया. राज्य व देश की खुशहाली की दुआ की गई. चादरपोशी की रस्म भी अदा होती रही. इस अवसर पर दरगाह कमेटी एवं अकिदतमंदों की ओर से लंगर बांटा गया. मन्नत मुराद की झोली लिये हर धर्म समुदाय के लोग बाबा के दर पर पहुंचते रहे. इस अवसर पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मो सईद, महासचिव अकिलुर्रहमान, मो महजूद खलीफा, अब्दुल वाहिद, मो तौहीद, नवाब चिश्ती, मो शफीक, अनुप कुमार, मो परवेज बब्लू, मो जहीर, अब्दुल मनान आदि मौजूद थे.

### मुहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घरों में हर तरफ या हुसैन की सदा गूंजने लगी

# मस्जिद जाफरिया में दस दिनी मजलिस जिक्र कर्बला शुरू

संवाददाता । रांची



मस्जिद जाफरिया में हुइई मजलिसे जिक्रे शहीदाने कर्बला की शुरुआत.

**खास बातें**

- मुहर्रम का चांद देखते ही गूंजने लगी या हुसैन की सदा
- 17 तक चलेगा मजलिसे जिक्रे शहीदाने कर्बला

मस्जिद ए जाफरिया रांची में मजलिस जिक्रे शहीदाने कर्बला का आगाज चांद देखते ही शुरू हो चुका है. मुहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घर में हर तरफ या हुसैन की सदा गूंजने लगी. मस्जिद ए जाफरिया में 10 दिवसीय मजलिसे जिक्रे शहीदाने कर्बला एक मुहर्रम से 10 मुहर्रम तक रात्रि 8 बजे से किया गया है, यानी रविवार 7 जुलाई से 17 जुलाई तक होगा. मजलिस को हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी खिताब फरमा रहे हैं.

मौलाना तहजिबुल हसन रिजवी ने बताया कि इस्लाम को लाने वाले का नाम पैगंबर मोहम्मद (स) है और इस्लाम को बचाने वाले का नाम इमाम हुसैन इब्ने अली है. आज अगर इमामे हुसैन ने अपने पूरे घर की कुर्बानी कर्बला में नहीं दी होती तो आज इस्लाम का नाम लेवा कोई न होता. मुहर्रम इसलिए मनाओ ताकि इस्लाम पहचाना जाए. नमाज को जिसने बचाया, उसका नाम हुसैन है. उसकी कुर्बानी को भूल जाना इस्लाम के साथ धोखा है और इस्लाम में धोखा देना मना है. यह कार्यक्रम 7 से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलता रहेगा. 13 जुलाई को मजलिस के बाद हजरत अली असगर की याद में झूला निकाला जायेगा. 13 जुलाई की मजलिस का आयोजन सैयद जावेद हैदर एवं सैयद जाफर हुसैन द्वारा किया जाएगा. 15 से 17 जुलाई को मजलिस के बाद अलम का मातमी जुलूस मस्जिद ए जाफरिया परिसर से निकाला जायेगा. 16 जुलाई को रात्रि 8 बजे अनवर टावर विश्वकर्मा मंदिर मेन रोड से निकलकर मस्जिद ए जाफरिया पहुंचेगा और वहां पर सभा में तब्दील हो जायेगा. 17 को यानी 10 मुहर्रम को जुलूस ए रोजे आशूरा बाद नमाज जोहर मस्जिद ए जाफरिया से दोपहर 1 बजे निकलकर चर्च रोड, विक्रांत चौक, टैक्सी स्टैंड, मेन रोड, अंजुमन प्लाजा होते हुए कर्बला पहुंचेगा.

## चंद्रवंशी भवन के विस्तारीकरण के लिए द्वितीय चरण का शिलान्यास

संवाददाता । रांची



चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के चंद्रवंशी भवन के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण का शिलान्यास रविवार को हुआ. राज्यसभा के सांसद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिहार प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने किया.

शिलान्यास सांसद कोष के तहत प्रकाश के सांसद कोष के तहत हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संयोजक प्रेम वर्मा, संचालन रवींद्र वर्मा, धन्यवाद ज्ञापन बजरंग बर्मा ने किया. राज्यसभा सांसद ने कहा कि रांची में चंद्रवंशी समाज एक महत्वपूर्ण स्थान समाज में रखती है. शिक्षा के क्षेत्र हो सामाजिक कार्य हो या अन्य क्षेत्र हो, चंद्रवंशी समाज बढ़ चढ़ कर भाग लेता है. भवन का विस्तार होने के चलते निश्चय ही लोग एक जगह बैठकर विकास कार्यक्रम की चर्चा करेंगे और अन्य समाज के साथ भी अच्छा संबंध बनाकर राज्य और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे. इस अवसर पर अरुण वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, बिंदुल वर्मा, प्रो उमेश सिंह, प्रो अजय वर्मा, संतोष वर्मा, दीपक वर्मा, राजा वर्मा, रवि वर्मा आदि चंद्रवंशी समाज के लोग शामिल थे.

### नेशनल अंडर-17 सब जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप

## झारखंड के पहलवानों ने 2 स्वर्ण समेत 4 पदक जीते



अंडर-17 सब जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में जीते पदक के साथ पहलवान.

संवाददाता । रांची

उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य समेत कुल चार पदक जीते. राज्य के विकास कच्छप ने 48 केजी व आदित्य कुमार गौरव ने 51 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता. वहीं रंजीत कुमार ने 45 केजी भार वर्ग में रजत व स्नेहा कुमारी ने 49 के भार वर्ग में कांस्य पदक जीता. बता दें कि चारों पहलवानों ने पदक जीतकर अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपिनशिप के चयन ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. झारखंड के पहलवानों के अच्छे प्रदर्शन पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष-जीशान कमर, अभिभावक के रवि कुमार, भोलानाथ सिंह, महासचिव-रजनीश कुमार, बिजय शंक, कुश्ती प्रशिक्षक राजीव रंजन समेत सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/सचिव और खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई है.

### फाइनल में 8-0 से जीते विकास व आदित्य

विकास और आदित्य ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले में 8-0 से जीत दर्ज की. विकास ने फाइनल मुकाबले में हरियाणा के पहलवान को हराया. वहीं आदित्य ने फाइनल में सर्विसेस के पहलवान को मात दी. रंजीत कुमार को फाइनल में महाराष्ट्र के पहलवान से 4-1 के स्कोर से हारकर रजक पदक से संतोष करना पड़ा. जबकि स्नेहा ने गुजरात की पहलवान को 5-0 से हराकर कांस्य पदक जीता.

### ताइक्वांडो में 22 स्वर्ण के साथ रांची ओवरऑल चैंपियन



आइडियल इंटरनेशन स्कूल में मौजूद ताइक्वांडो खिलाड़ी.

**रांची।** पांच से सात जुलाई तक आइडियल इंटरनेशन स्कूल में रांची जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ. इस प्रतियोगिता में रांची की टीम 22 स्वर्ण के साथ ओवर ऑल चैंपियन बनी. प्रतियोगिता में रांची के स्वर्ण जीतने वालों में आशिका जायसवाल, कल्पना महतो, अर्सिता कुजूर, अनुष्का महतो, अनुष्क खलखो, शुभदीप कुमार, नमन श्रीवास्तव, आयुष कुमार, इशिका, हर्ष, आर्थव समेत अन्य खिलाड़ी शामिल हैं. बता दें कि प्रतियोगिता में 20 जिलों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था.

### दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, भजन गायकों ने रातभर खूब झुमाया

# शहर का राधाकृष्ण मंदिर बना माता ज्वाला का तीर्थ

संवाददाता रांची.



राधाकृष्ण मंदिर में भजन प्रस्तुत करते कलाकार एवं झूमती श्रद्धालु महिलाएं.

**खास बातें**

- स्थापना, पूजन, प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान का हुआ समापन
- अपराह्न 1 बजे से शाम 6 बजे तक लगी रही भक्तों की कतार

राधाकृष्ण मंदिर में रविवार को हिमाचल, कांगड़ा वाली मां ज्वाला की ज्योत का स्थापना-पूजन किया गया. खास तौर से सजाये गये दरबार में अनुष्ठान सुबह सात बजे से साढ़े नौ बजे तक चला. पंडित श्याम मोहन भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. दिन के 9:40 बजे सह- ज्योत के मुख्य दरबार में स्थापित किया गया. नवनिर्मित भवन में मुख्य ज्योत के दर्शन को दर्शनार्थी उमड़ पड़े. ज्योत की एक झलक पाने को अपराह्न एक बजे से शाम छह बजे तक भक्तों की कतार लगी रही. इस दौरान हरिद्वार के श्याम मोहन दूबे संग दुर्गा जागरण मंडली के पवन मनुजा, केसर पपनेजा, मनोज किंगर और चंदन सिडाना ने 'तूने पानी में ज्योत जगाई रे तेरी जय हो ज्वाला माई रे...' जैसे एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर सबको शाम साढ़े चार बजे तक झुमाया. इस बीच वृहत भंडारा भी चलाया गया. आठ हजार से ज्यादा भक्तों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया. रात दस बजे से मां भवानी का जागरण प्रारंभ हुआ. होशियारपुर के संदीप सूद और सरिया गिरिडीह की स्नेहिल सोनी अहले सुबह तक भक्ति गीतों की अविरल धारा बहाती रहीं. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने खास तौर से हिस्सा लिया.

**निभायी भागीदारी :** राधेश्याम किंगर, चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, नंद किशोर चौधरी, राधेश्याम तलेजा, नंद किशोर अरोड़ा, किशोरी मुंजाल, हरीश अरोड़ा, हरीश मनुजा, सुशील गेरा, सुनील कटारिया, ललित किंगर, किशोरी पपनेजा, मनीष मिढ़ा, अशोक तलेजा, पवन पपनेजा, विनोद किंगर, सुनील जसूजा, रोहित तलेजा, मोहित गेरा, हरीश मनुजा, दिनेश किंगर, राजेंद्र कटारिया, अश्विनी सुखीजा, डिक्की गेरा, दिनेश गखड़, नवीन पपनेजा, राकेश अरोड़ा, नीरज किंगर, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, विकास घई, नरेश खत्री, भरत अरोड़ा, संदीप पपनेजा, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा आदि ने मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.

### मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा



इंद्रपुरी के श्री महावीर दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा.

**रांची।** रांची के इंद्रपुरी स्थित श्री महावीर दुर्गा मंदिर के आठवे वार्षिकोत्सव पर आज रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. इसमें 501 कलशधारी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. कलश शोभा यात्रा सुबह नौ बजे मंदिर परिसर से शुरू हुई. मंदिर समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की अगुवाई में कलशधारी महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमते और जयघोष करते हुए रातू रोड के रास्ते रानी सती मंदिर आयीं. यहां से कलश में पवित्र जल भरकर सभी वापस मंदिर गये. रानी सती मंदिर से लाये गये जल से कल सोमवार को मंदिर की शुद्धि की जायेगी. पुजारी प्रतीक पाठक नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान संपन्न करायेंगे. सामुहिक आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा. सुधीर साहू ने बताया कि रात आठ बजे से मां भवानी जागरण शुरू होगा. स्थानीय भजन मंडली के कलाकार रातभर भक्ति गीतों की सरिता बहायेंगे. पिंटू, रिंकू, राकेश, बंटी आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

### निकली कलश यात्रा, शुरू हुआ प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**रांची।** हेसल शिव मंदिर में देवी-देवताओं की दो दिनी प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरुआत रविवार को कलश यात्रा से हुई. दिन के दस बजे मंदिर परिसर से यात्रा निकाली गयी. इसमें बड़ी संख्या में कलशधारी महिलाओं संग श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. क्षेत्र का भ्रमण कर दिन के पौने 11 बजे सभी वापस मंदिर लौटे. यहां नेम-निष्ठा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी-पूजन आरती अनुष्ठान संपन्न हुआ. सुरेंद्र साहू ने बताया कि दूसरे दिन सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ और भंडारा का क्रमवार सिलसिला देर शाम तक चलेगा. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

## हर लड़की की शादी में दिया जाएगा एक लाख का सहयोग



अंजुमन इस्लामिया सिमलिया की बैठक में शामिल गणमान्य एवं ग्रामीण.

- अंजुमन इस्लामिया सिमलिया का ऐतिहासिक फैसला

संवाददाता रांची

अंजुमन इस्लामिया की ओर से सिमलिया में होने वाली हर लड़की की शादी में एक लाख रुपये का सहयोग दिया जाएगा. यह निर्णय रविवार को जामा मस्जिद सिमलिया, रातू में आयोजित अंजुमन इस्लामिया की सिमलिया इकाई की बैठक में किया गया. निर्णय के अनुसार सहयोग राशि देने में कोई भेद-भाव नहीं रखा जाएगा. मसलन लड़की चाहे अमीर परिवार की हो या गरीब परिवार की, उसे सहायता राशि दी ही जाएगी. यह फैसला बेटियों की शादी को आसान बनाने के उद्देश्य से किया गया है. बैठक की अध्यक्षता सदर मो. जावेद मंसूरी ने की.

बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि सिमलिया को नशा मुक्त गांव बनाना है. नशा करने वाले नवजवानों पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी अपनी तरफ से दंड निर्धारित करेगी. सिमलिया में किसी तरह की परेशानी या मुसीबत होने पर अंजुमन कमेटी लोगों की मदद और उसे दूर करने का प्रयास करेगी. कमेटी ने यह भी फैसला किया कि लोगों से शादी में फिजूल खर्ची रोकने की गुजारिश की जाएगी. सिमलिया बस्ती के लोग आपसी इतिहाद और मिलजुल कर रहेंगे, यह भी फैसला हुआ. बस्ती में कोई भी बारात आए तो अधिक से अधिक 50 बाराती ही आएंगे या जाएंगे.

### स्टार वॉरियर कांके व जेएसएसपीएस की टीम जीती



**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित स्वर्गीय अमिताभ चौधरी रांची महिला फुटबॉल लीग के सुपर-6 मुकाबले में स्टार वॉरियर चडरी कांके व जेएसएसपीएस की टीम ने जीत दर्ज की. खेलगांव के प्रैक्टिस ग्राउंड में रविवार को खेले गए सुपर-6 का पहला मुकाबला स्टार वॉरियर व युवा का बेहद रोमांचक रहा. आखिर में बाजी स्टार वॉरियर की टीम ने एक गोल से मार ली. वहीं, दूसरे मैच में जेएसएसपीएस ने कड़े संघर्ष के बाद जय जवान डिबडीह को 1-0 से पराजित किया. जेएसएसपीएस की टीम 2 मैचों में एक जीत व एक ड्रॉ खेली है. सोमवार को सुपर-6 का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा.

**आज के मैच**

- तरुण घोष बनाम स्टार वॉरियर्स (2.30 बजे से)
- लिटिल एंजेल गोवा रेड बनाम जय जवान डिबडीह (3.30 बजे से)

## पहले प्रयास में सीए फाइनल की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हर्ष

संवाददाता । रांची



रांची के हर्ष अग्रवाल.

रांची के हर्ष अग्रवाल ने प्रथम प्रयास में ही सीए की फाइनल परीक्षा में सफलता हासिल की है. उनके परीक्षा में उत्तीर्ण होने तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट बनन पर उनके परिवार, परिजन और समीप लोगों ने रविवार को मिलकर जश्न मनाया.

रांची में पले-बढ़े और जेवीएम, श्यामली में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाले हर्ष की शैक्षणिक यात्रा चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई के साथ-साथ संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में भी जारी रही. उनकी सफलता शहर के सहायक माहौल को दर्शाती है, रांची की एक प्रतिष्ठित सीए फर्म एनकेडी एंड कंपनी में हर्ष की आर्टिकलशिप ने उनकी उपलब्धि में योगदान दिया, जिससे शहर में प्रतिभाशाली पेशेवरों को विकसित करने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ.

### देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा के किसी भी कोर्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

# एनएसएटी के टॉप रैंकर्स को मिलेगा करोड़ों का कैश अवार्ड

संवाददाता रांची



कोचिंग संस्थान नारायणा में विधायक सीपी सिंह एवं निदेशक श्याम भूषण.

**खास बातें**

- नारायणा ने की स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट की घोषणा
- प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करना है संस्थान का उद्देश्य

कचहरी स्थित देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, रांची द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) का आयोजन 6 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाइन और 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर एवं 14 से 19 अक्टूबर तक ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी. इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र वेबसाइट nsat.narayanagroup.com पर घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या नजदीकी नारायणा केंद्र पर जाकर परीक्षा से पांच दिन पहले तक आवेदन कर सकते हैं.

इस वेबसाइट पर परीक्षा का सिलेबस, सैम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है. इस तरह का आयोजन न केवल रांची, बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से पांचवीं कक्षा से लेकर ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है. रांची केंद्र में रविवार को विधायक सीपी सिंह एवं नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड तथा निदेशक श्याम भूषण ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टिव टाइप की होगा. इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जायेंगे. इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना है. यही नहीं, इस टेस्ट के जरिए छात्र ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं. साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा कि अभी तक उनकी एनटीएसई,ओलिंपियाड, के.वीपीवाई, आईआईटी. नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की कितनी तैयारी हो चुकी है. दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों में से राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक पाने वाले छात्रों को लाखों कैश अवार्ड पाने का अवसर मिलेगा, साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी. उन्होंने कहा कि नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) की परीक्षा में जिस स्कूल के छात्र टॉपर होंगे उस स्कूल एवं संस्थान को कैश अवार्ड के साथ-साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) के माध्यम से नारायणा का उद्देश्य देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं आईआईटी, जेईई एवं नीट के लिए प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करना है. दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य यह है कि प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों से समझौता न करें.

**सम्मान समारोह** मैटिक्स अकादमी ने 75 बच्चियों के साथ 20 शिक्षकों को किया पुरस्कृत

# अकादमी की पहल सराहनीय : जगदीश सिंह जग्गू

संवाददाता । रांची



मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित बच्चे, शिक्षक एवं समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू.

झारखंड के प्रमुख शिक्षण संस्थान मैटिक्स अकादमी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया. समारोह में 12वीं की परीक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 75 बच्ची को ट्रॉफी, मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया. शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े 20 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू एवं समाजसेवी व भाजपा प्रदेश लिगल सेल संयोजक (ओबीसी मोर्चा) राजेंद्र राउत ने संयुक्त रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज की. मुख्य अतिथि समेत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की.

समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू ने कहा कि मैटिक्स अकादमी के द्वारा इस तरह का सम्मान समारोह आयोजित करना बहुत ही सराहनीय कदम है जिसके द्वारा बच्चों को सम्मान देने के साथ साथ बच्चों का मनोबल भी ऊंचा होता है, यह अच्छी पहल है. उन्होंने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि हर मां बाप चाहते है कि उनके बच्चे को एक बेहतरीन शिक्षक के मार्गदर्शन मिले, जिससे बच्चे आगे से आगे बढ़े. मुफ्त, तो बच्चों को कहना चाहूंगा की बिना समय बर्बाद किये मैटिक्स अकादमी में आये और एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई जल्द से जल्द शुरू करें.

### 11वी व 12वीं के छात्राओं के लिए एडमिशन जारी : निदेशक

मैटिक्स अकादमी के सह निदेशक सिकंदर पोद्दार ने कहा कि मैटिक्स अकादमी में 11वी व 12वीं वी के छात्रओं के लिए एडमिशन जारी है साथ ही साथ बच्चों को 100 फीसदी तक की स्कालरशिप प्रदान की जा रही है और इसके साथ बच्चों को डेमो क्लास की सुविधा भी प्रदान की जा रहीं है वह भी नि :शुल्क. राजेंद्र राउत ने कहा कि झारखंड प्रदेश में होनहार छात्रों की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें एक सही मार्गदर्शन प्रदान करनेवाले मार्गदर्शक की जरूरत है जो पैसो से ऊपर उठकर बच्चो को उचित शिक्षा व मार्ग दर्शन प्रदान करे और यह काम मैटिक्स अकादमी बखूबी निभा रहा है. कार्यक्रम के दौरान करीब 150 छात्र, 25 शिक्षक के साथ मैटिक्स अकादमी के टीम से पिंकी कुमारी, स्वाति कुमारी आनंद कुमार, विशाल गुप्ता, सोनाली कच्छप, दीपक कुमार, नीरज सेठ समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन का सम्मान समारोह, 550 से अधिक बच्चे हुए सम्मानित

संवाददाता । रांची



अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन द्वारा पुरस्कृत बच्चे एवं बच्चियां.

अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन की ओर से रविवार को अंजुमन प्लाजा हॉल में सीबीएसई व जैक बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 45 स्कूलों के 550 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, शॉल, बुके देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कुरान पाक के तिलावत से की गयी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मजीद आलम ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह से बच्चों के हौसला अफजाई में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव है, नींव जितनी मजबूत होगी उतनी जड़ें हमारे देश की मजबूत होंगी. परीक्षाएं भविष्य को निखारने व आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है. अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष समाजसेवी मो अनवर खान ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है. यह सम्मान उन बच्चों के लिए सीखने का अवसर है जिनको आगे परीक्षा में जाना है. वह बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल, क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ पढ़ाई करें. उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह बच्चों की प्रतिभा को और निखारने व उनके उज्वल भविष्य के निर्णय लेने के लिए बेहतर माध्यम है. विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रही स्कीमों का लाभ उठायें.

## ब्रीफ खबरें

### चोरी के मोबाइल के साथ नाबालिग समेत 6 गिरफ्तार

**नामकुम ।** टाटीसिलवे थाना से सौ मीटर की दूरी पर 13 जून की रात्रि में रौशन कुमार मिश्रा के मोबाइल दुकान से चोरों ने वेंटिलेटर तोड़कर 31 मोबाइल की चोरी कर ले गये थे. टाटीसिलवे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया. इनमें पवन कुमार उर्फ रांगा-बिल्ला(19) सुभाष चौक कोकर, सुन्दर उर्फ गोलू (23) सरना टोली महाबीर नगर कोकर, राजू कच्छप(42) तिरील कोकर, गोविन्द पंडित ( 29) आदर्श नगर कोकर व नाबालिग- शुभम लकड़ा (17 ), चंदन गाड़ी (18 ) दोनों लालगंज, थाना खेल गांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया .

### वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल

**चान्हो ।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर करकट मोड़ के पास रविवार की शाम एक वाहन की चपेट मेंआने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. घायलों में भरत भगत और अरविंद पंडित शामिल हैं. अरविंद पंडित मांडर के सोसई आश्रम और भरत भगत हेसमी गांव का निवासी है. बताया जाता है कि दोनों बीजूपाड़ा से घर लौट रहे थे. रास्ते में एक वाहन ने पीछे से बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में भरत भगत को गंभीर चोट आयी है उसे मांडर के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है.

लगातार न्यूज नेटवर्क की खबर पर एक बार फिर से मुहर लगी है

# डीआईजी की टीम ने कोयला लदे दो ट्रक जब्त किये, तीन गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग/रांची

शुभम संदेश इम्पैक्ट


किसके संरक्षण में चल रहा कोयले का काला कारोबार?

लगातार न्यूज नेटवर्क की खबर पर एक बार फिर से मुहर लगी हैं. हजारीबाग में धड़ल्ले से चल रहे कोयला के अवैध कारोबार की खबर पर हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने संज्ञान लिया है. उनकी टीम ने रविवार सुबह कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लदे दो ट्रकों ( जेएच 02 एके 2363 और जेएच 02 एक्स 7367) को पकड़ा है. पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि यह विष्णुगढ़ के नरकी जंगल से अवैध कोयला लोड कर बनारस की मंडी ले जाया जा रहा था. इसमें जिला पुलिस की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है. गौरतलब है कि लगातार न्यूज नेटवर्क के हिन्दी दैनिक 'शुभम संदेश' में बीते चार जुलाई 2024 के अंक में 'किसके संरक्षण में चल रहा कोयले का काला कारोबार' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गयी थी. उक्त खबर में हमने बताया था कि विष्णुगढ़ और चरही साइडिंग से अवैध रूप से कोयला लोड कर बासाडीह के डिपो में डंप किया जा रहा है.

### हजारीबाग में कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई



#### नरकी जंगल में डंप होता है कोयला

बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर और बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से कोयले को बाइक और ट्रैक्टर के माध्यम से लाकर नरकी जंगल में डंप किया जाता है. फिर अवैध कोयला को ट्रक में लोड कर विष्णुगढ़-हजारीबाग के रास्ते मंडी में भेजा रहा है. यह कारोबार पिछले कई दिनों से चल रहा था. इसके अलावा विष्णुगढ़ थाना के डोमाबेड़ा, पिपरा एवं तिलैया स्थित अवैध कोयला के डीपो से भी ट्रकों में कोयला लोड कर बुडगड्डा मोड़ पानी टंकी, बोकारो थर्मल के बोरोनाला और विष्णुगढ़ के नरकी के रास्ते ले जाया जा रहा है. वहीं पेंक नारायणपुर के पिलपिलो, सियारी आदि क्षेत्र से अवैध कोयला लदे ट्रकों को निकाला जा रहा है.

## मैकलुस्कीगंज में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता। खलारी

खलारी बाजारटांड़ से मैकलुस्कीगंज पुलिस ने रविवार को एक युवक को देसी पिस्तौल, छोटी कैंची और 4040 रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया. पकड़ा गया आरोपी सहजाद अंसारी उर्फ सोनू ग्राम बाजारटांड़ आजाद नगर थाना मैकलुस्कीगंज का निवासी है.




मैकलुस्कीगंज पुलिस ने बताया कि रांची एसपी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ एक अपराधी घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं. इसके बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर मुकेश पान गुमटी के पास संदिग्ध हालत में बैठे आरोपी को धर दबोचा. पकड़े गए आरोपी के खिलाफ खलारी थाना में डकैती ऑर्म्स एक्ट और अनगड़ा थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते रंगेहाथ हथियार के साथ पकड़े जाने का केस दर्ज है.

## हरिओम टावर से युवक ने कूदकर की आत्महत्या

संवाददाता। रांची

लालपुर थाना क्षेत्र स्थित हरिओम टावर से एक युवक ने कूद कर आत्महत्या कर ली. यह घटना शनिवार की देर रात हुई. जहां लातेहार के रहने वाले अंकित ने खुदखुशी कर ली. अंकित रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था. वह रांची के पंडरा इलाके में रहता था. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आज रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

### सुसाइड नोट में लिखा-अब कोई रास्ता नहीं बचा



अंकित की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में बहुत कुछ स्पष्ट तो नहीं है, लेकिन इतना जरूर लिखा है कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था और अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है. उसने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उसकी आत्महत्या के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है. उसने परिवार वालों को अच्छे से रहने और दादी का ख्याल रखने को कहा है. हरिओम टावर के गार्ड ने बताया कि टावर की सभी दुकानें लगभग बंद थीं, उसी दौरान कुछ गिरने की तेज आवाज आई. जाकर देखा तो जमीन पर एक युवक पड़ा था. जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी.

## न्यूज अपडेट

### पिपरवार में सीसीएल कर्मी का गड्ढे में मिला शव

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह परियोजना में सीसीएल कर्मचारी का शव रविवार को संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई . सीसीएल कर्मी पिपरवार थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह परियोजना में केबल मैन केटेगरी वन के पद पर कार्यरत थे. मृतक सोहरा गंझु खलारी थाना क्षेत्र के जेहली के निवासी थे. मृतक जामडीह में रहकर अपने मामा के घर से ड्यूटी आया जाया करता था. घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया . पिपरवार थाना प्रभारी पी के मिश्रा ने बताया कि पूर्णाडीह परियोजना में कार्यरत मृतक सीसीएल कर्मी 45 वर्षीय सोहरा गंझु पिता पन्नु गंझु खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड निवासी हैं.

### तालाब में तैरता मिला युवक का शव,सनसनी

**लोहरदगा।** कुड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदलासो पंचायत के कोकर पतरा टोली में रविवार की सुबह तालाब में उपलाता एक युवक का शव मिला. ग्रामीणों ने शव देख कुड़ू थाना को सूचना दी. मृतक की पहचान चंदलासो पुरनाडीह निवासी स्व. देवा उरांव के पुत्र सुनील उरांव (32) के रूप में की गयी है. जानकारी के मुताबिक, सुनील शनिवार की रात घर से निकला था और वापस नहीं लौटा. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं. परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया और जांच में जुट गयी है.

### नहाने के दौरान दलदल में फंसा बच्चा, मौत

**बलियापुर।** थाना क्षेत्र में दुधिया गांव स्थित जोरिया में नहाने गए एक बच्चे की दलदल में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई. मृतक बच्चे की पहचान खेड़काबाद निवासी प्रताप सोरेन (10) के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए. जोरिया में काफी दलदल होने की वजह से स्थानीय लोग काफी प्रयास के बाद भी बच्चे को बाहर नहीं निकाल सके. इसके बाद जेसीबी मंगा कर एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी.

### पुरनाडीह गोलीबारी की टीएसपीसी ने ली जिम्मेवारी



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कंटा घर के समीप शनिवार 6 जुलाई की सुबह हुई गोलीबारी की घटना का उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने जिम्मेवारी ली है. टीएसपीसी संगठन के उत्तरी दक्षिणी सीमांत सबजोनल कमांडर ऋषिकेश जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुरनाडीह कांटा घर के पास गोलीबारी की घटना टीएसपीसी संगठन ने की है। जिसमें गोली किसी और के ऊपर चलाई गई थी,लेकिन किसी और को गोली लग गई. उन्होंने एनके पिपरवार के कोल डम्प अशोक,पिपरवार, पुरनाडीह, केडीएच, रोहिणी, डकरा और चुरी में काम करने वाले सभी डीओ, होल्डर, ट्रांसपोर्टर, लिफ्टर, डम्प कमेटी और सभी तरह के छोटे बड़े ठेकेदारों को संगठन से बात करने के बाद ही काम चालू करने की चेतावनी दी है.

### धावाटांड़ जंगल में मासूम भाई-बहन का शव मिला

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ जंगल में रविवार की सुबह स्थित एक नाले के पास दो मासूम बच्चों के शव बरामद हुए हैं. दोनों बच्चे रिश्ते में सगे भाई-बहन बताए गए हैं. एक साथ दो बच्चों के शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गयी. घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़ ने दोनों मृत बच्चों की पहचान की. मृतकों में बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी सुखलाल सोरेन की पुत्री राधिका कुमारी (10) और पुत्र सचिन सोरेन (7) शामिल हैं. इधर, घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, दोनों बच्चों की मां सोना देवी और आठ माह का भाई लापता है.

### 10 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. एक बार फिर पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है.छह जुलाई की रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि हरमू किशोरगंज के पास चूना भट्टा चौक के पास स्थित मछली गली के एक मकान में ओडिशा से अवैध तरीके से गांजा लाकर रखा गया है. इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना की पुलिस की टीम ने मछली गली में श्माम सुंदर शर्मा के मकान में किरायेदार के घर पर छापेमारी की. जहां चार गांजा तस्कर पकड़े गये. उनके पास से एक 10 पैकेट में 10 किलो गांजा बरामद हुआ. गिरफ्तार अभियुक्तों में दो बिहार के और दो रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं.गिरफ्तार आरोपियों में अनुराग राय, धीरज कुमार, जीतवाहन स्वांसी व अमित स्वांसी शामिल है.

### बिलारी गांव में रथ यात्रा पर किया पौधरोपण



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी के महिला और पुरूष ग्रामीणों ने अनोखी पहल करते हुए रथ यात्रा के अवसर पर पौधरोपण किया. महिला और पुरुष ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ गांव का भ्रमण कर रथ यात्रा के अवसर पर पौधरोपण किया . पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर बिलारी गांव में जन सहयोग से निर्मित तालाब का भी उद्‌घाटन किया गया. इस मौके पर तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया गया. रथ यात्रा के पावन अवसर पर तालाब का उद्‌घाटन किया गया साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण किया गया.

### लोगों ने खींचा महाप्रभु भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत चनकोपी एवं ईटाचिल्दरी में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई. हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ खिंचा और मौसीबाड़ी पहुंचाया. सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा. भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन और पूजन के उपरांत लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की. बच्चों के लिए मेले में मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध थे .

### दिउड़ी मंदिर में धौनी के लिए हुई विशेष पूजा

**तमाड़।** प्राचीन कालीन दिउडी मंदिर में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के जन्मदिन पर मंदिर के पुजारियों ने विशेष पूजा-अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना की. मां होटल के संचालक विक्की प्रसाद के सौजन्य से माता के चरणों में माही की फोटो रखकर मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई. वहीं मंदिर परिसर में प्रशंसकों ने धौनी के नाम का केक काटकर जन्मदिन मनाया. दिउड़ी मंदिर के प्रति माही की विशेष आस्था जुड़ी है. पूजन सामग्री केक, बैलून और पटाखे की व्यवस्था मां होटल के सौजन्य से की गई थी. मौके पर मनोज पंडा, देवाशीष सिन्हा, पुजारी रामसिंह पाहन, सुकरा पाहन और मीरा गुप्ता आदिमौजूद थे.

### खलारी के जंगल में दिखा तेंदुआ,ग्रामीण भयभीत

**खलारी।** थाना क्षेत्र के मानकी और चूरी जंगल के बीच बेलांगी पहाड़ी के पास शनिवार को दो तेंदुआ देखे गए. इसकी पुष्टि जंगल गए मानकी कॉलोनी निवासी नागेंद्र ठाकुर ने की है. नागेंद्र ठाकुर ने बताया कि सुबह 10 बजे जंगल गए थे. जंगल में जामुन तोड़ने के क्रम में कुछ दूरी पर अचानक पक्षियों की चहचहाने की आवाज सुनी. सभी पक्षी एक तेंदुए के ऊपर मंडरा रहे थे. यह देखकर मैं डर गया और पेड़ के पास चुपचाप खड़ा रहा. तेंदुआ तुरंत ही जंगल में बने एक गड्ढे में गया और वहां उसके साथ एक और तेंदुआ बाहर निकल आया. इसके बाद नागेंद्र दबे पांव जंगल से बाहर निकला. वहीं जंगल के बाहरी छोर पर बकरी चरा रहे लोगों को इसकी जानकारी दी और उन्हें जंगल जाने से मना किया. दोनों तेंदुए की ऊंचाई लगभग 3 फीट है.

### घर की दीवार धंसने से मां की मौत, बेटा घायल

**अड़की (खूंटी)।** थाना क्षेत्र के पुरनानगर गांव में मरम्मत के दौरान कच्चे मकान की दीवार धंसने से मां और बेटा मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए. घायल 35 वर्षीय मां बिनोता देवी की रिम्स में मौत हो गई और बेटा रुपेश प्रमाणिक जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है. घटना शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे की है. बताया जाता है कि पुरनानगर गांव निवासी मजदूर युधिष्ठिर प्रमाणिक बरसात से पहले अपने जर्जर मिट्टी के घर की मरम्मत कर रहा था. वहीं पत्नी बिनोता देवी और पुत्र रुपेश प्रमाणिक उसके काम में हाथ बंटा रहे थे. उसी दौरान अचानक 10 फीट लंबी और सात फीट ऊंची दीवार धंस गई और मां-बेटा मलबे में दब गए. परिजन और पड़ोसियों ने दोनों को मलबे से बाहर निकालकर रिम्स पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह बिनोता देवी ने दम तोड़ दिया.

## आसपास

### 24 दिनों से अंधेरे में हैं लुपुंगजारा गांव के लोग

**अनगड़ा।** प्रखंड का लुपुंगजारा गांव पिछले 24 दिनों से अंधेरे में है. एक माह के अंदर गांव में दूसरी बार ट्रांसफॉर्मर जल गया है. ज्ञात हो कि 15 जून को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से ट्रांसफॉर्मर बदला गया था. इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद स्थिति यथावत है.

### स्कूटी और बाइक में टक्कर, दो घायल

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री मोड़ के पास एक स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में दोनों चालक घायल हो गए. घटना रविवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे की है. घायल स्कूटी सवार अमित टोप्पो बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगो गांव और बाइक सवार पंकज कुमार बरगांव थाना क्षेत्र सिसई जिला गुमला का निवासी है. दोनों घायलों को दीपक मुंडा और स्टालिन लकड़ा ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ निगार ने दोनों घायलों को रिम्स रेफर कर दिया.

### बुंडू में श्रीश्री राधा-कृष्ण की रथयात्रा निकाली गई

**बुंडू।** रविवार को बुंडू मेंश्री राधा-कृष्ण की रथयात्रा निकाली गई. परंपरा के अनुसार प्रति वर्ष बुंडू में रथयात्रा पर श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर से राधा और कृष्ण की रथयात्रा निकाली जाती है. रथयात्रा हेतु रथ को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. रथ यात्रा लगभग एक किमी की दूरी तय कर धुर्वामोड़ स्थित मौसीबाड़ी पहुंची. भगवान कृष्ण और राधा अभी मौसीबाड़ी मेंही विराजेंगे. मौसीबाड़ी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने कतारवद्ध होकर भगवान कृष्ण और राधा की पूजा की.

### तमाड़ में रथयात्रा धूमधाम से संपन्न

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ और सारजमडीह गांव में रथयात्रा सह मेला रविवार को संपन्न हो गई. रथयात्रा तमाड़ के श्याम चांद,काला चांद एवं जेगोड़काय के राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई. भगवान जगन्नाथ सुभद्रा और बलभद्र रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे. इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र का विशेष श्रृंगार किया गया था.

### हाइवा व बाइक में टक्कर, दो की मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डेडेम कैंची मोड़ के पास हाइवा और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई. घटना रविवार की दोपहर 12 बजे की है. मृतक 18 वर्षीय अनूप तोपनो कामडारा के सोनमेर गांव का निवासी था. वहीं दूसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई है. दुर्घटना की सूचना मिलने के बादजरियागढ़ पुलिस कैंची मोड़ पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, खूंटी भेज दिया.

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठे ग्रामीण अंचल

**खास बातें**

- भगवान जगन्नाथ भाई, बलभद्र ,बहन सुभद्रा के साथ पहुंचे मौसी बाड़ी
- दर्शन के लिए सुबह से ही उमड़ पड़ी थी श्रद्धालुओं की भीड़
- मेले में घरेलू सामानों की खूब हुई बिक्री,लोगों की उमड़ी भीड़

संवाददाता। रातू

रातू राजमहल परिसर स्थित मैदान में लगे जगन्नाथ रथयात्रा मेले में भीड़ उमड़ पड़ी.वहीं प्रातः 5:00 बजे से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की भीड़ भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी. भक्तों ने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर सुख शांति का वरदान मांगा. दिन चढ़ते ही मेला परवान चढ़ने लगा. मेले में सभी प्रकार की दुकानें लगी थी. ग्रामीणों ने रथयात्रा मेले में मिठाई की खूब खरीदारी की.



### इटकी में जयकारा के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**इटकी।** भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा सहित अन्य विग्रहों के साथ रथारूढ़ होकर रविवार को मौसीबाड़ी पहुंचे. भगवान श्री जगन्नाथ मौसीबाड़ी में नौ दिन रहेंगे, 10वेंदिन 17 जुलाई एकादशी तिथि को घुरती रथ मेला संपन्न होगा. इससे पहले सुबह सात बजे पंडितों ने पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया. सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही. दिन के 12:30 बजे भगवान को विशेष प्रकार के भोग लगाए गए. शाम 5:30 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा सहित अन्य विग्रहों के साथ रथारूढ़ हुए. मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था. वहीं डीएसपी अखिल नितिश कुजूर, दंडाधिकारी सीआई, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार नजर बनाए हुए थे.

### चान्हो में रथ यात्रा में उमड़ी लोगों की भीड़

**चान्हो।** प्रखंड के रानी चांचो में रविवार को रथ यात्रा का आयोजन किया गया. रानी चांचो में मौसीबाड़ी नहीं होने के कारण आज ही के दिन भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा के रथ को खींचते हुए लोग कुछ दूर तक ले जाकर पुनः मंदिर में ले आए. रथ खींचने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा थे. इससे पूर्व सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करने के लिए लोगों की भीड़ जमी हुई थी. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां आयोजित मेले में लोगों का हुजूम उमड़ा था. बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने जमकर मेले का लुत्फ उठाया.

### लेटे गांव में हजारों हाथों ने भगवान के रथ को खींचा

**लापुंग।** लापुंग के ऐतिहासिक लेटे गांव में पूर्व जमींदार घराने के वंशजों ने रथयात्रा का भव्य आयोजन किया. पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित हजारों हाथों ने भगवान जगरनाथ स्वामी , बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के पावन रथ को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ खींचा. भगवान जगन्नाथ स्वामी सहित बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर मौसी के घर पहुंचे.जमींदार के वंशज विजय कुमार लाल, दुर्जय कुमार लाल, धनंजय कुमार लाल ,अजय कुमार लाल तथा उनके परिवारों के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया.

## मुरी तुलीन अप रेल खंड में मेगा ब्लॉक, कई ट्रेन रही रद्द

संवाददाता। सिल्ली/मुरी

दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल अंतर्गत मुरी तुलिन यूपी रेल खंड में उतरी छोर पर रविवार के दिन विकास कार्य हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा मेगा ब्लॉक किया. जिसके कारण कई ट्रेनें रद्द की गई और कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया. बताते चले की यह मेगा ब्लॉक 9 घंटे का लिया गया. स्वर्ण रेखा नदी के पुल से 100 मीटर दूर मुरी जंक्शन की ओर पोल संख्या 354 किलोमीटर संख्या 14- 15 के पास नॉरमल हाइट सबवे निर्माण कार्य को पूरा किया गया. मेगा ब्लॉक लेने के कारण ट्रेन संख्या 08641/08642 आद्रा बरकाकाना मेमू, ट्रेन संख्या 03598 /03597 आसनसोल रांची मेमू, ट्रेन संख्या 068695/068696 बोकारो रांची पैसेंजर, ट्रेन संख्या 13503/13504 हटिया वर्धमान पैसेंजर, ट्रेन संख्या 18035/ 18036 हटिया खड़गपुर पैसेंजर, ट्रेन संख्या 13303/13304 धनबाद रांची, ट्रेन संख्या 13 319/13320 दुमका रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18 035/18036 हटिया खड़गपुर, ट्रेन संख्या 18601/ 18602 हटिया टाटानगर, ट्रेन संख्या 12365/ 12366 पटना रांची पटना एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया था.

जेबीकेएसएस ने मुरी में की बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन

## सुदेश लंबे समय से सत्ता में है,नीति बनाने में विफल रहेः जयराम

संवाददाता। सिल्ली/मुरी




झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने रविवार को मुरी सिल्ली में बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया. संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान अंसारी ने लोगों को संबोधित किया. इस दौरान जयराम महतो ने कहा आजसू सुप्रीमो सबसे अधिक समय तक विधायक रहे,फिर भी वे राज्य के नीति निर्माण पर कोई पहल नहीं कर सके.आज भी स्थानीय युवक बेरोजगार है. जयराम ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव हमारी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी.वहीं वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने क्षेत्र में बाइक रैली के साथ सभा में प्रवेश किया. जनसभा में रिजवान अंसारी, दिपक महतो, इंतेसाम अली, राजु महतो, गुलाम हुसैन, डॉ देवेंद्र, संजीव, चंडी, खुदीराम, बीरेन्द्र, अजय, प्रकाश, जितेन्द्र, अजीत केंद्रीय संगठन पदाधिकारी गण मौजूद रहे.

**समस्या** एनएचएआई की लापरवाही से कभी भी घट सकती है घटना, लोगों में आक्रोश

# ओरमांझी ब्लॉक चौक ओवर ब्रिज निर्माण में कई अनियमितता

एहसान राजा। ओरमांझी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की लापरवाही से एक दशक पहले नेवरी विकास से हजारीबाग फोर लेन निर्माण के समय भी ओरमांझी ब्लॉक चौक के पास काफी अनियमियता एवं मनमानी बरती गई थी . आज भी ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान संवेदकों द्वारा भारी गोलमाल किया जा रहा है. इस दौरान लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसे देखने वाला यहां कोई नहीं हैं. हालांकि यहां ओवर ब्रिज बनेगा या कि नहीं. यह भविष्य के गर्त में चला गया है. लेकिन पिछले साल भारी बरसात के बीच रैयतों के मकान



तोड़ दिए गए. एनएचआई के साथ स्थानीय प्रशासन तक का कहना था कि उन्हें जल्द से जल्द यहां ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा. लेकिन इस एक साल के दौरान निर्माण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है. अचानक संवेदकों के कार्य का ज्वार उठता है और फिर बंद हो जाता है. लोगों की परेशानी बढ़ती चली जाती है.

लंबे समय से सड़क किनारे इस तरह के गड्ढे करके छोड़ दिया गया है. 11000 वोल्ट बिजली के खंभों को छोड़ दिया गया है. जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है. बीते दिन सड़क निर्माण कार्य से जुड़े बिजली संवेदक के कर्मियों ने बिजली रहित जीर्ण-शीर्ण तारों को नए पोल पर शिफ्ट कर छोड़ दिया गया. वहीं 11000 वोल्ट करंट प्रवाहित बिजली के तारों को शिफ्ट नहीं किया गया. यदि तेज बारिश हुई तो किनारे गहरे गड्ढे के कारण पोल तार कभी भी गिर सकते हैं.

#### घटना की सारी जवाबदेही एनएचआई की : एसडीओ

इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ का कहना है कि यह कार्य एनएचआई करवा रहा है. सारी जबावदेही उसी की है. वे कुछ नहीं कर सकते. घटना-दुर्घटना सब एनएचआई वाले जानें. उनका या उनके विभाग का कोई लेना-देना नहीं है.

#### अपनी मर्जी से करते है काम,किसी की नहीं सुनते है : संवेदक-कर्मी

इधर एनएचआई की ओर से बिजली का कार्य करने वाले सुदीप कुमार नामक संवेदक-कर्मी का दो टूक कहना (अत्यंत अव्यवहारिक अंदाज में) है कि वह अपनी मनमर्जी से काम करेगा. बिजली पोल किनारे गड्ढा कोई उससे पूछकर नहीं खोदता है. नाली बनाने वाला अपना जाने. सड़क बनाने वाला अपना जाने. उसे बिजली तार और पोल इधर-उधर करने से मतलब है.

